भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण

प्रेस विज्ञप्ति

एसीआई द्वारा वॉयस ऑफ कस्टमर रिकग्निशन 2021 **के लिए चुने गए सात भाविप्रा हवाईअडडे**

10 फरवरी 2022, नई दिल्ली: एसीआई वर्ल्ड की वॉयस ऑफ द कस्टमर पहल के तहत एसीआई-एएसक्यू सर्वेक्षण में भाग लेने वाले चेन्नई, कोलकाता, गोवा, पुणे, पटना, भुवनेश्वर और चंडीगढ़ जैसे सात भाविप्रा हवाई अड्डों को वॉयस ऑफ कस्टमर रिकग्निशन के लिए चुना गया है।

एयरपोर्ट्स काउंसिल इंटरनेशनल ने उन हवाई अड्डों को स्वीकारने और मान्यता देने के लिए 'वॉयस ऑफ द कस्टमर' पहल शुरुआत की है जिन्होंने कोविड-19 महामारी के दौरान भी अपने ग्राहकों को प्राथमिकता दी और उनकी बात सुनने के लिए प्रतिबद्ध है।

हवाईअड्डा सेवा गुणवत्ता (एएसक्यू) सर्वेक्षण विश्व प्रसिद्ध और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्थापित एयरपोर्ट काउंसिल इंटरनेशनल (एसीआई) द्वारा आयोजित वैश्विक बेंचमार्किंग कार्यक्रम है जो हवाईअड्डे से यात्रा करने वाले यात्रियों की संतुष्टि को मापता है। एएसक्यू अवार्ड्स दुनिया भर में उन हवाई अड्डों को मान्यता देता है जो अपने यात्रियों की राय में सर्वश्रेष्ठ ग्राहक अनुभव प्रदान करते हैं।

यात्रियों के विचारों को बेहतर ढंग से समझने तथा उत्पादों और सेवाओं के दृष्टिकोण से वे क्या चाहते है, के लिए एएसक्यू कार्यक्रम, अनुसंधान उपकरण और प्रबंधन जानकारी प्रदान करता है ।

निगमित संचार विभाग द्वारा जारी

विवरण के लिए कृपया संपर्क करें:

मप्र (निसं) - 011-24622787

प्रेस विज्ञप्ति संख्या- 27/2021-22